


# कार्रवाही : हत्या के मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**बैतूल/मुलताई, 13 जुलाई. हत्या के मामले में फरार आरोपी को मुलताई पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जिसके पास से घटना में प्रयुक्त डंडा भी जब्त किया है।**

**पुलिस ने घटना में प्रयुक्त डंडा भी किया जब्त**

**आरोपी को न्यायालय में किया पेश**

पुलिस जनसंपर्क अधिकारी से मिली जानकारी के अनुसार 24 मई 2025 को फरियादिया जानकी पति फलवनशाह धुर्वे (34 वर्ष) निवासी ग्राम वामला, थाना लावाघोघरी, जिला छिंदवाड़ा ने थाना मुलताई में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसी दिन ग्राम सर्रई निवासी संतोष उर्फ बल्लू पवार पिता सावन्या पवार, फरियादिया के पिता झनीराम उइके के पास कैलाश पठाडे के खेत में आया और भैंस पर जादू-टोना करने की बात को लेकर झनीराम से गाली-गलौच करते हुए जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर सागौन की लकड़ी के डंडे से मारपीट की। रिपोर्ट पर पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। उपचार के दौरान पीड़ित झनीराम उइके पिता सोमलाल उइके (55 वर्ष) निवासी ग्राम सर्रई की 21 जून 2025 को जिला अस्पताल बैतूल में मृत्यु हो गई। जिस पर मर्ग कायम कर धारा 103(1) बीएनएस का इजाफा किया गया। प्रकरण की विवेचना एसडीओपी. मुलताई द्वारा की जा रही है।

**आरोपी की गिरफ्तारी के लिए गठित की टीम :** प्रकरण के फरार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए थाना प्रभारी निरीक्षक देवकरण डेहरिया के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई। लगातार सुरागरसी-पतासाजी कर मुखबिर सूचना पर आरोपी संतोष उर्फ बल्लू पवार पिता सावन्या पवार (46 वर्ष) निवासी ग्राम सर्रई को ग्राम दुनावा से गिरफ्तार किया गया। आरोपी की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त सागौन की लकड़ी का डंडा विधिवत रूप से जप्त किया गया। आरोपी को न्यायालय में पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में उप जेल मुलताई भेजा गया है। इस कार्रवाई में एसडीओपी मुलताई एस.के. सिंह, थाना प्रभारी निरीक्षक देवकरण डेहरिया, उपनिरीक्षक सनिल सरेयाम, आरक्षक विशाल, आरक्षक रामचंद्र आहके, आरक्षक अभिषेक वाडिवा, आरक्षक अजय ग्यानशवंशी एवं सायबर सेल आरक्षक गुलाब की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



## धोखाधड़ी के दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

**बैतूल/मुलताई।** थाना मुलताई पुलिस द्वारा धोखाधड़ी के प्रकरण में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस जनसंपर्क अधिकारी से मिली जानकारी के अनुसार 02 फरवरी 2024 को आवेदक उमेश पिता किसना डांगे (33 वर्ष) निवासी ग्राम आष्टा, थाना मुलताई द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया कि अनावेदकगण विश्वास डोंगरे एवं मितेश पारे द्वारा डेमलर फाइनेंस कंपनी द्वारा जब्त किए गए ट्रक क्रमांक एमएच -40-बीएल 4555 को छुड़वाने के नाम पर 2,50,000 लेकर धोखाधड़ी की गई है। आवेदन के आधार पर थाना मुलताई में धारा 420, 34 भारतीय दंड विधान के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। आरोपियों की तलाश के लिए डेमलर फाइनेंस कंपनी भोपाल में कई बार दबिश दी गई एवं अन्य संभावित स्थानों पर तलाश की गई। गोपनीय सूचना पर पता चला कि आरोपी भोपाल में छिपे हैं। इस पर पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी मितेश पिता विनोद पारे (45 वर्ष) निवासी मगरद जिला हरदा, हाल मुकाम सर्वधर्म कॉलोनी, भोपाल को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। वहीं, अन्य आरोपी विश्वास पिता विजय राव डोंगरे (46 वर्ष) निवासी वृंदावन नगर, अयोध्या बायपास, भोपाल को 11 जुलाई 2025 को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। दोनों आरोपी वर्तमान में न्यायिक अभिरक्षा में उप जेल मुलताई में निरुद्ध हैं। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक देवकरण डेहरिया पुलिस टीम का योगदान रहा।

## रेलवे टनल से गौसेवकों ने घायल गाय को बचाया



**बैतूल।** मलामझिरी क्षेत्र में एक घायल गाय को रेलवे टनल से बचाया गया है। शनिवार रात ट्रेन में सफर कर रहे एक यात्री ने डायल-100 पर सूचना दी। प्रथम बोबदापुल के पास गाय घायल अवस्था में मिली थी। डायल-100 से आरक्षक सूर्यकांत बरखाने और पायलट नीलेश राठौर तुरंत मौके पर पहुंचे। दोनों को 4 किलोमीटर का कच्चा और दुर्गम रास्ता पैदल तय करना पड़ा। घायल गाय एक नाली में फंसी हुई थी। पुलिसकर्मियों ने स्थानीय गौसेवकों से मदद मांगी। दीपक मालवीय, पवन मालवीय, बिट्टू गोयल, नंदू पंवार, अन्ना चौहान और आयुष अग्रवाल सहित कई सामाजिक कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे। सभी ने मिलकर रस्सियों और बांस-बल्लियों की मदद से गाय को बचाया। घायल गाय को एक किलोमीटर दूर मेन रोड तक लाया गया। वहां से ट्रैक्टर से मलामझीरी स्थित गौशाला में उपचार के लिए भेजा गया। पुलिस अधीक्षक निश्चल झारिया ने इस काम में मदद करने वाले पुलिसकर्मियों और नागरिकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

## एक नजर में

### 21 को खेड़ी ताप्ती से निकलेगी कावड़ यात्रा

**बैतूल।** श्री शिव मंदिर उत्सव समिति विनोबा नगर एवं श्री माता मंदिर समिति शंकर नगर बैतूल द्वारा आगामी 21 जुलाई को खेड़ी ताप्ती से ऐतिहासिक कावड़ यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यह कावड़ यात्रा प्रात: 7 बजे खेड़ी ताप्ती से प्रारंभ होकर पूरे उत्साह और धार्मिक वातावरण के बीच विनोबा वार्ड स्थित श्री शिव मंदिर पहुंचेगी। कावड़ यात्रा के दूसरे दिन मंगलवार 22 जुलाई को सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक श्री शिव मंदिर विनोबा नगर में रूद्राभिषेक और महाप्रसादी वितरण का आयोजन किया गया है। रूद्राभिषेक में पवित्र मंत्रोच्चारण और विधिवत पूजन के साथ भगवान शिव का जलाभिषेक किया जाएगा। इसके पश्चात श्रद्धालुओं के लिए महाप्रसादी का वितरण किया जाएगा। श्री शिव मंदिर उत्सव समिति विनोबा नगर एवं श्री माता मंदिर समिति शंकर नगर बैतूल द्वारा समस्त नगरवासियों को कावड़ यात्रा एवं रूद्राभिषेक महोत्सव में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया जा रहा है। समिति ने अपील की है कि श्रद्धालु इस अवसर पर अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर शिवभक्ति में शामिल हों और पुण्य लाभ प्राप्त करें।

### एचएमएस की मासिक बैठक 15 जुलाई को

**बैतूल।** कोल माइन सेवानिवृत्ति कर्मचारी संघ (एचएमएस) जिला बैतूल की मासिक बैठक मंगलवार, 15 जुलाई को सुबह 11 बजे शहीद भवन, बैतूल में आयोजित की जाएगी। अध्यक्ष डी. के. साहू ने बताया कि बड़ी संख्या में पेंशनभोगी साथियों के पीपीओ (पेंशन भुगतान आदेश) नंबर अब तक जारी ही नहीं हुए, जबकि कई साथियों के नंबर पुराने पते पर भेजे गए जिससे वे दस्तावेज़ उन तक पहुँच ही नहीं पाए। नई दिल्ली से प्राप्त नवीनतम पत्र पर भी इसी समस्या का उल्लेख है, जिसे बैठक में बारीकी से पढ़कर आगे की रणनीति तय की जाएगी। महामंत्री डी. आर. झरवाडे ने स्पष्ट किया कि बिना पीपीओ नंबर के पेंशन हस्तांतरण, बैंक प्रक्रिया और नि:शुल्क चिकित्सा लाभ सबकुछ अटक जाता है। इसलिए संघ ने यह बैठक विशिष्ट रूप से आयोजित की है। कोल पेंशनर साथियों से आग्रह किया है कि वे समय पर पहुंचकर दस्तावेज़ लेकर आएं, ताकि फार्म भरवाकर या सही पते की पुष्टि कर पीपीओ जारी करवाने की प्रक्रिया तेज़ की जा सके। संघ ने प्रशासन से भी अनुरोध किया है कि राष्ट्रीय कोल पेंशन योजना कार्यालय और बैंक शाखाओं के अधिकारी शिविर में मौजूद रहें।

## घर में घुसा कोबरा, सर्पमित्र ने रेस्क्यू कर जंगल में छोड़ा

**बैतूल। शनिवार रात ग्राम चिचोली खापा निवासी सुनील धुर्वे के घर में एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया, जब 15 वर्षीय बालिका खिड़की के पास कुछ सामान लेने गई थी और वहां उसे अचानक एक करीब 5 फीट लंबा जहरीला कोबरा नजर आया।**

**सर्पमित्र ने किया कोबरा का रेस्क्यू**

**जहरीले जीव-जंतुओं से सावधान रखने दी सलाह**



बालिका की सूझबूझ और किस्मत से उसकी जान बच गई। परिजनों ने तत्काल सर्पमित्र विशाल विश्वकर्मा को सूचना दी। विशाल विश्वकर्मा ने बताया कि उन्हें सांप दिखने की जानकारी फोन के माध्यम से मिली, जिसके बाद वे तुरंत मौके पर पहुंचे। घर के अंदर खिड़की में सांप चुपचाप बैठा था। करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद उन्होंने उस खतरनाक कोबरा को सुरक्षित रूप से रेस्क्यू किया। गौरतलब है कि यह कोबरा काफी विषैला होता है और यदि समय रहते उसे हटाया न जाता, तो जानलेवा हादसा हो सकता था। ग्रामीणों ने सर्पमित्र की तत्परता और साहस की सराहना की और राहत की सांस ली। बारिश के मौसम में सांपों की सक्रियता बढ़ जाती है। ऐसे में ग्रामीणों से अपील है कि घर के आसपास की साफ-सफाई बनाए रखें, दरवाजे-खिड़कियों को बंद रखें और किसी भी संदिग्ध स्थिति में तुरंत सर्पमित्रों को सूचना दें। बता दे कि बारिश के मौसम में जहरीले जीव-जंतुओं के निकलने की घटनाएं अक्सर होती है। ऐसे में सावधानी रखना बेहद जरूरी है।

## कॉम्बिंग नाइट गश्त के तहत 193 गिरफ्तार

**बैतूल।** पुलिस ने जिले भर में एक व्यापक कांबिंग नाइट गश्त अभियान चलाया गया। इस दौरान 129 गिरफ्तारी वारंटी, 64 स्थायी वारंटी कुल 193 गिरफ्तारियां की गई। दरअसल पुलिस अधीक्षक बैतूल निश्चल झारिया के नेतृत्व में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती कमला जोशी के मार्गदर्शन तथा समस्त एसडीओपी एवं थाना प्रभारियों की सक्रिय सहभागिता से रात्रि को जिले भर में एक व्यापक कांबिंग नाइट गश्त अभियान चलाया गया। इस सघन अभियान का उद्देश्य वारंटियों की गिरफ्तारी, निगरानी बदमाशों की चेकिंग एवं अपराध पर नियंत्रण स्थापित करना रहा। अभियान के दौरान कुल 193 गिरफ्तारियों के अलावा 25 निगरानी बदमाश एवं 29 गुंडा तत्वों की गहन चेकिंग, 34 जिला बदर/निगरानीशुदा व्यक्तियों की पूछताछ एवं निगरानी और गंभीर अपराधों (जैसे गौवंश अधिनियम, आर्म्स एक्ट, जुआ, लूट, डकैती, वन अधिनियम आदि) में वांछित आरोपियों की गिरफ्तारी की गई। चिचोली थाना अंतर्गत सर्वाधिक 15 गिरफ्तारी वारंटी एवं 8 स्थायी वारंटी गिरफ्तार किये गये, वहीं थाना आठनेर, मुलताई, चोपना सहित अन्य थाना क्षेत्रों में भी प्रभावी कार्रवाई संपादित की गई।



## नाले में मिला युवक का शव, दो दिन से था लापता, जांच जारी

**बैतूल।** खेड़ी सांवलीगढ़ क्षेत्र के चिचठाना गांव निवासी एक युवक का शव रविवार को करंजी नाले में 7 फीट गहरे पानी में मिला। युवक शुक्रवार शाम से लापता था। शव मिलने के बाद गांव में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान 27 वर्षीय रामाजी पिता धीरू आहाके के रूप में हुई है। शुक्रवार को वह सराड़ गांव जाने की बात कहकर घर से निकला था, लेकिन रात तक लौटकर नहीं आया। बाइक नाले के पास मिली, शव कुछ दूरी पर पानी में तैरता मिला। परिजनों ने शनिवार को तलाश शुरू की तो करंजी नाले के पास रामाजी की बाइक खड़ी मिली। शक के आधार पर जब पास के नाले में खोजबीन की गई, तो करीब 7 फीट गहरे पानी में शव मिला। सूचना पर गांव के कोटवार ने पुलिस को जानकारी दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों की मदद से शव को बाहर निकाला और पंचनामा किया। शव को जिला अस्पताल भिजवाया गया, जहां पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया। युवक की मौत कैसे हुई, अभी स्पष्ट नहीं। चौकी प्रभारी राकेश सरेआम ने बताया कि मृतक के मुंह, नाक और आंखों के ऊपर की त्वचा को केकड़ों ने खा लिया था। युवक की मौत के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल सका है।

## शिव मंदिर में जल अभिषेक करेंगे कावड़िये

**चिचोली। भगवान शिव आराधना उपासना शुक्रवार से प्रारंभ हुई है। श्रावण मास के पवित्र माह में शिवजी के जलभिषेक से पुण्य लाभ अर्जित करने उद्देश्य के चलते बोल बम कल यात्रा निकल जा रही है।**

एक ही समय में दो महत्वपूर्ण पवित्र धार्मिक स्थान पर शिवजी का जल अभिषेक करेंगे। पूज्य ब्रह्मलीन संत तपश्री बाबा कर्मस्थली झापल आश्रम में शिव मंदिर में जल अभिषेक करेंगे, फिर वहां झापल आश्रम से जल भर का नसीराबाद अटल चौक स्थित शिव मंदिर में जल अभिषेक करेंगे। एक यात्रा में दो पवित्र स्थान की जल अभिषेक किया और पुण्य अर्जित लाभ लिया ग्राम नसीराबाद बोल बम समिति नवयुवक रामायण मंडल गणेश उत्सव समिति एवं दुर्गा उत्सव समिति के तत्वधान एवं ग्राम वासियों सहयोग से 21 वर्ष हो गए रविवार 13 जुलाई की सुबह नगर चिचोली के सोनपुर स्थित तापसी आश्रम से जल भरकर यात्रा का शुभारंभ किया। शामिल हुए सभी कांवरिया ने बोल बम का उद्घोष करते हुए कावडिये की यात्रा प्रारंभ हुई। अटल चौक बिगवाअसड़ी रतनपुर होते हुए झापल शाम तक पहुंचेंगे।



## आवारा मवेशियों का सड़क पर कब्जा, बड़ी दुर्घटना की आशंका

**सारनी।** नगर के मुख्य मार्गों पर इन दिनों खुलेआम आवारा पशु विचरण कर रहे हैं, जिससे आमजन की सुरक्षा पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है। रात के समय दर्जनों की संख्या में आवारा मवेशी सड़क पर बैठे रहते है। जिससे आने-जाने वाले राहगीरों और वाहनों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नगरपालिका द्वारा लाख दावों के बावजूद आवारा पशुओं को पकड़कर कांजी हाउस में रखने का काम केवल कागजों में सिमटा नजर आ रहा है। क्षेत्रीय नागरिकों का कहना है कि जिम्मेदार अधिकारियों की लापरवाही और उदासीनता के चलते आवारा पशु दिन-रात सड़कों पर घूमते नजर आते हैं। यह न केवल यातायात में बाधा उत्पन्न कर रहे हैं, बल्कि कभी भी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकते हैं। स्थानीय व्यापारियों और रहवासियों ने मांग की है कि नगरपालिका तुरंत कार्रवाई कर और इन पशुओं को सुरक्षित स्थानों पर भेजा जाए। साथ ही कांजी हाउस व्यवस्था को सक्रिय रूप से संचालित कर आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। यदि समय रहते इस समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो आने वाले दिनों में किसी बड़ी दुर्घटना की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता।

## डीपीसी श्री भनारिया को दी भावभीनी विदाई

**भैंसदेही।** जिला शिक्षा केंद्र बैतूल के डीपीसी जितेंद्र कुमार भनारिया का विगत दिनों शासन द्वारा प्राचार्य के पद पर हाई स्कूल चिखली कला विकासखंड मोहखेड जिला छिंदवाड़ा मे स्थानांतरण हुआ। जिला शिक्षा केंद्र द्वारा होटल ग्रीन पार्क हाईवे रोड बैतूल में बुधवार को स्थानांतरित डीपीसी जितेंद्र भनारिया का विदाई समारोह तथा नव नियुक्त डीपीसी भूपेंद्र वरकडे सहायक संचालक शिक्षा का स्वागत समारोह जिला शिक्षा अधिकारी अनिल कुशवाहा, पूर्व डीपीसी सुबोध शर्मा, बीईओ भैंसदेही जी.सी.सिंह की प्रमुख उपस्थिति में आयोजित किया गया। आयोजित कार्यक्रम मे जनपद शिक्षा केंद्र भैंसदेही की ओर से विकासखंड शिक्षा अधिकारी जीसी सिंह, बीआरसी सुखदेव धोटे, बीएसी श्रीराम भुस्कुटे, बीएसी हरीराम उईके,जन शिक्षक सूरज राठौर, शाकिर सिद्धिकी, कमलेश चौरे ने डीपीसी जितेन्द्र भनारिया का शाल श्रीफल एवं प्रतीक चिन्ह भेट कर उन्हें भाव भीनी विदाई दी तथा नव नियुक्त डीपीसी भूपेंद्र वरकडे का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया।




## रात में अंधेरे में डूबी रही सड़कें, वाहन चालक हो रहे परेशान

**सारनी।** बागडोना हवाई पट्टी से लेकर काली माई से तिगड्डे तक की सड़क पर लगे कई बिजली के पोलों की लाइटें लंबे समय से बंद पड़ी हुई हैं। रात के समय इस मार्ग से गुजरने वाले दुपहिया वाहनों और छोटे वाहनों के चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अंधेरे के कारण दुर्घटना का खतरा लगातार बना हुआ है। स्थानीय लोगों ने बताया कि यह समस्या कई दिनों से बनी हुई है, लेकिन बिजली विभाग और नगर पालिका द्वारा अब तक कोई सुधारात्मक कदम नहीं उठाया गया है। अधिकारियों की अनदेखी साफ तौर पर दिखाई दे रही है। मिली जानकारी के अनुसार, कुछ स्थानों पर लाइट के रखरखाव की कमी के कारण नगर पालिका द्वारा उपकरणों को समय पर सुधारा नहीं जा रहा है। कई विद्युत उपकरण नगर पालिका में कागज नहीं आते हैं बाकी धरातल पर बिजली उपकरण नहीं देखे गए हैं और एक विशेषता है कि बड़ी कंपनियों के उपकरणों का बिल भी ज्यादा बनाकर देने का अंदेशा लगता है क्योंकि ओरिजिनल उपकरण की समय सीमा गारंटी तय होती है लेकिन मार्च 4 से 6 महीने में ही स्ट्रीट लाइट सहित उपकरणों की गड़बड़ी होना देखा जा सकता है। जिससे बत्ती गुल हो जाती है।इससे न केवल नागरिकों को असुविधा हो रही है, बल्कि सरकार के संसाधनों की भी बर्बादी हो रही है। सरकारी रुपए का दुरुपयोग होना बिजली विभाग के लिए अब आम बात है साफ तौर पर देखा जा सकता है। लोगों की मांग है कि बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटों की तुरंत मरम्मत कराई जाए, ताकि रात के समय आवाजाही करने वाले लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। साथ ही बिजली विभाग संबंधित सभी उपकरण में होने वाली लापरवाही की उच्च स्तरीय जांच की जानी चाहिए। इस लापरवाही के लिए जिम्मेदार अधिकारियों पर भी कड़ी कार्रवाई की जाए।



**पौधारोपण** मां ताप्ती तट को हरा भरा बनाने किया पौधारोपण

# परिषद ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**मुलताई। भारत विकास परिषद द्वारा एक पेड़ परिवार के नाम अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत भारत विकास परिषद द्वारा रविवार को द्वारका फिलिंग स्टेशन परिसर में पौधारोपण किया गया।**

**पर्यावरण प्रेमियों ने लगाये पौधे**

**पौधों के संरक्षण का लिया संकल्प**



यह कार्यक्रम सामाजिक दायित्व और पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से संपन्न किया गया। जिसमे परिषद के सदस्य ने अपने परिवारजनों के साथ शामिल हुए। कार्यक्रम में नीलेश अग्रवाल,प्रदीप अग्रवाल, प्रकाश अग्रवाल परिवार सहित उपस्थित रहे और सक्रिय योगदान दिया। कार्यक्रम में भारत विकास परिषद के जिला समन्वयक राजीव जैन, शाखा के सचिव कन्हैया सोनी, पर्यावरण प्रमुख भारत भूषण चौधरी, सेवा प्रमुख मुकेश जैन, संस्कार प्रमुख मनोज उइके, संपर्क प्रमुख गजानंद कवड़कर, परिषद् के पूर्व कोषाध्यक्ष अभिषेक खंडेलवाल, सुनेंद्र देशमुख, डॉक्टर राजेंद्र ठाकुर, देवेंद्र धोपाडे, दीपेश बोथरा, दिनेश गडेकर, संदीप तारे, पवन सोनी, संदीप रघुवंशी,महेश वर्मा, राजेश्वर बुवाड़े, सीएस चंदेल, मोनू खंडेलवाल, नीलिमा गार्गव की उपस्थिति मेंफलदार एवं छायादार 24 पौधे लगाए गए। परिषद के सदस्यों ने आम नागरिकों से भी पर्यावरण की रक्षा हेतु वर्ष में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाकर पालने का अनुरोध किया। कार्यक्रम के अंत में सभी पौधों की देखरेख की जिम्मेदारी निर्धारित की गई।

**मां ताप्ती तट को हरा भरा बनाने किया पौधारोपण:** मुलताई। मां ताप्ती नदी के दोनों ततो को हरा भरा बनाने के लिए ग्रीन मुलताई एवं ताप्ती परिक्रमा समिति द्वारा पौधरोपण अभियान चलाया जा रहा है। रविवार को ताप्ती तट स्थित ग्राम डोहलन में मोक्षधाम के समीप ताप्ती उपवन की स्थापना की गई। मां ताप्ती तट को हरियाली युक्त बनाने के संकल्प को मूर्तरूप देने के उद्देश्य से ग्राम सांडिया,चन्दोरा, मीरापुर,बाडेगाव के बाद रविवार को डोहलन में नीम, पीपल, लक्ष्मीतरु, सतपर्णी, गुलमोहर, बड़, करंजी सहित अन्य प्रजाति के 51 पौधे रोपे गए। इस दौरान नपा के सेवा निवृत कार्यपालन यंत्री आरसी गव्हाड़े, सुरेश गव्हाड़े, वासुदेव झोड, प्रकाश अनेराव, नवीन झोड, संजय मासोदकर, यमन झोड़ व अन्य ग्रामीणजन ने वर्षभर पौधे पालन व सुरक्षा का संकल्प लिया। इस दौरान मुलताई से राजू पाटनकर, आरके मालवीय, पवन पाठेकर, अतुल बारंगे, अजय, सौरभ राजपूत ने ट्री गार्ड की व्यवस्था की।

## शिक्षकों की बीएलओ कार्य में लगा दी ड्यूटी

**बैतूल।** निर्वाचन आयोग द्वारा वोटर लिस्ट में नाम जोड़ने, काटने व अन्य कार्यों के लिए शिक्षकों की निराकरण के लिए बीएलओ की नियुक्ति की गई है। परन्तु जिले में शासन के आदेश की अवहेलना करते हुए दिव्यांगजन, सेवानिवृत्ति के लिए कम व गणित, विज्ञान के शिक्षकों को बीएलओ कार्य से मुक्त रखने के आदेश की अनदेखी की गई। साथ ही 70 से 80 किमी दूर जाकर बीएलओ के कार्य में ड्यूटी लगा दी गई है। जिससे आक्रोशित शिक्षकों ने आम अध्यापक संघ के जिला मदनलाल डढोरे व राजू गंगारे के नेतृत्व में जिला प्रशासन व जनप्रतिनिधियों को ज्ञापन देकर कहा कि इन शिक्षकों को बीएलओ के कार्य से पृथक रखा जाए। यदि आवश्यक हो तो कार्य स्थल पर ही इनको बीएलओ के पद पर पदस्थ किया जाए क्योंकि भविष्य में इससे परीक्षा परिणाम भी प्रभावित होगा। संगठन ने मांग की है कि समय रहते इन शिक्षकों को मुक्त नहीं किया गया तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष रवि सरनेकर, जिला अध्यक्ष मदनलाल डढोरे, चैतराम निरापुरे, राजेन्द्र कुमार बेले, अलकेश सूर्यवंशी, वसीम शाह, प्रभाकर पवार, लीला विजयकर, निर्मला सूर्यवंशी, किरण सावरकर, रश्मि साठे, भीम खोदरे, बंशीलाल धुर्वे, दीक्षा साहू, मनीष नारे, माधुरी खातरकर, प्रेमलाल टेकाम, उर्मिला वामनकर, रितेश पठाड़े, सुरेन्द्र पवार, ममता बोरबन सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

